रेल मंत्रालय

अब लॉकडाउन से पहले की ही तरह रेलगाड़ी प्रस्थान करने के निर्धारित समय से 30 मिनट पहले दूसरा रिजर्वेशन चार्ट जारी किया जाएगा

दूसरा चार्ट तैयार होने से पहले ऑनलाइन और पीआरएस टिकट काउंटर दोनों पर टिकट बुकिंग करने की सुविधा उपलब्ध होगी

प्रविष्टि तिथि: 06 OCT 2020 6:28PM by PIB Delhi

भारतीय रेलवे ने दिनांक 10.10.2020 से दूसरे रिजर्वेशन चार्ट तैयार करने की पहले की प्रणाली को बहाल करने का फैसला किया है।

कोविड काल से पहले लागू निर्देशों के अनुसार, ट्रेन प्रस्थान के निर्धारित समय से कम से कम 4 घंटे पहले पहला रिजर्वेशन चार्ट तैयार किया जाता था। इसके बाद, दूसरे रिजर्वेशन चार्ट तैयार होने तक पीआरएस काउंटरों के साथ-साथ इंटरनेट के माध्यम से पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध सीटें बुक की जा सकती है।

रेलगाड़ियों के प्रस्थान के निर्धारित/पुनर्निर्धारित समय से 5 मिनट से 30 मिनट पहले के बीच दूसरा रिजर्वेशन चार्ट तैयार किया जाता था। किराया वापसी करने के नियमों के प्रावधानों के अनुसार, इस अवधि के दौरान बुक की गई टिकटों को रद्द करने की भी अनुमति दी गई थी।

महामारी के कारण, ट्रेनों के प्रस्थान के निर्धारित/पुनर्निर्धारित समय से 2 घंटे पहले दूसरे रिजर्वेशन चार्ट तैयार करने के समय में तबदीली लाने के निर्देश दिए गए थे।

रेल यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए जोनल रेलवे के अनुरोध के अनुसार इस मामले पर सोच विचार किया गया और यह निर्णय लिया गया है कि ट्रेन के प्रस्थान के निर्धारित/पुनर्निर्धारित समय से कम से कम 30 मिनट पहले दूसरा रिजर्वेशन चार्ट तैयार किया जाएगा।

तदनुसार, दूसरा चार्ट तैयार करने से पहले ऑनलाइन और पीआरएस टिकट काउंटर दोनों पर टिकट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

सीआरआईएस ने सॉफ्टवेयर में आवश्यक संशोधन करने के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं ताकि इस प्रावधान को दिनांक 10.10.2020 से बहाल किया जा सके।

**.*

एमजी/एएम/डीजे/एसएस

(रिलीज़ आईडी: 1662138) आगंतुक पटल : 31

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: Assamese , English , Marathi , Manipuri , Punjabi , Tamil , Telugu